हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

4 आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के भविष्य का नींवः लक्ष्मी



**खबर संक्षेप**

### नए फिजियोथेरेपी कॉलेज को मिली स्वीकृति



**बैकुण्ठपुर।** शासन ने प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार मनेन्द्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर में फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों का निर्माण कराया जाएगा। इन महाविद्यालयों के निर्माण कार्य के लिए कुल 83 करोड़ 62 लाख 26 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक संस्थान के लिए लगभग 13 करोड़ 93 लाख 71 हजार रूपए (लगभग 14 करोड़) की राशि निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस निर्णय से प्रदेश के युवाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे, साथ ही आने वाले समय में फिजियोथेरेपी सेवाओं का दायरा भी व्यापक होगा।


### यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल की छात्रा ने नाम रौशन किया



**मनेन्द्रगढ़।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा संचाली गुप्ता ने राष्टीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में घोषित परिणामों में संचाली ने ऑल इंडिया जनरल रैंक 517 अर्जित की है। बिजुरी निवासी संचाली ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल से पूरी की। उन्होंने कक्षा 12 वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय पहले ही दे दिया था। नीट में मिली इस उपलब्धि के आधार पर संचाली गुप्ता का चयन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज रीवा में हुआ है।

### छात्र गोल्ड मैडल से सम्मानित

**बिजुरी।** नगर के एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के विद्यालय आरकेबीबी के छात्रों ने राष्टीय बाली बाल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन से नगर सहित पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। विगत दिनों लखनऊ में आयोजित राष्टीय बाली बाल स्पर्धा में देशभर से कई विद्यालयों की टीमें शामिल हुइं। स्पर्धा प्रतियोगिता में नई दिल्ली, मेरठ उत्तर प्रदेश, झारखंड, छग तथा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। राष्टीय बाली बाल स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में आरकेबीबी विद्यालय की टीम ने एकजुटता और मजबूत मनोबल के बल पर अच्छा प्रदर्शन किया। शुरूआत से ही टीम ने अपनी पकड़ बनाए रखी और एक-एक मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। लखनऊ में आयोजित इस फाइनल मुकाबले में देश के नामी विद्यालयों की टीमें मैदान में थीं। वहीं मध्यप्रदेश के अंतिम छोर पर बसे बिजुरी स्थित रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ विद्यालय की छात्राओं की टीम ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया।



### एसडीएम और डीईओ विद्यार्थियों से हुए रूबरू, अभिभावकों ने की थी शिकायत

# नवोदय में रैगिंग और बुलिंग की शिकायत पर पहुंचे अफसर



नवोदय पहुंचे एसडीएम और डीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के केनापारा में स्थित नवोदय विद्यालय का एसडीएम उमेश पटेल और जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने निरीक्षण किया। परिजन के शिकायत के बाद अधिकारी द्वय ने सबसे पहले विद्यालय का अवलोकन किया और उन्होंने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से रैगिंग से संबंधित प्रश्न पूछे और उनकी समस्याओं तथा अनुभवों को ध्यानपूर्वक सुना। विद्यार्थियों ने भी अपनी कठिनाइयां तथा अनुभव खुलकर प्रस्तुत किए, इसके पश्चात उक्त अधिकारियों ने सभी विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभाव, मानसिक और शारीरिक नुकसान तथा इसके कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि रैगिंग न केवल विद्यालय का अनुशासनहीन कार्य है, बल्कि यह भारतीय कानून के अंतर्गत भी दंडनीय अपराध है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को आत्म-विश्वास बढ़ाने, परस्पर सहयोग की भावना विकसित करने और एक स्वस्थ शैक्षिक वातावरण बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने रैगिंग के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जानकारी दी। विद्यालय के जो वरिष्ठ छात्र अपने जूनियर छात्रों से दुर्व्यवहार में शामिल थे ,उन छात्रों को उक्त अधिकारियों ने कड़े शब्दों में चेताया कि यदि भविष्य में कोई भी अपने जूनियर के साथ दुर्व्यवहार किया तो उसके साथ रैगिंग बुलिंग के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम श्री पटेल ने सभी विद्यार्थियों को काउंसलिंग दी गई और उन्हें भरोसा दिलाया गया कि यदि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की रैगिंग या अन्य समस्याओं का सामना करना पड़े तो वे बेझिझक प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पी डनसना सभी शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



### ग्रंथालय के लिए 1 लाख की स्वीकृति

छग शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में नवगठित जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक प्राध्यापक कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने की। बैठक का शुभारंभ समिति के सचिव एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, शिक्षाविद् उमाशंकर शुक्ला एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के साथ हुआ। जनभागीदारी मद से संचालित तीन विषयों एवं अन्य पीजी कक्षाओं में शिक्षकों की आवश्यकतानुसार विषय मार्गदर्शक रखने का प्रस्ताव पारित। कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के रिक्त पदों पर पूर्व में कार्यरत स्टाफ को यथावत रखने का निर्णय। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से नए पाठ्यक्रम के अनुरूप ग्रंरथालय के लिए 1 लाख रूपए की स्वीकृति। चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के मानदेय में 1 हजार रूपए की वृद्धि। पंकज गुप्ता ने सुझाव दिया कि जनप्रतिनिधियों से मिलकर विधायक, सांसद व अध्यक्षों के मद से सहयोग प्राप्त कर जनभागीदारी फंड को बढ़ाया जाए। पूर्व छात्र महेन्द्र प्रताप सिंह ने शासन के निर्णय अनुसार डीएमएफ मद से महाविद्यालय विकास ⏭ शेष पेज 4 पर

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत आज से

**बैकुंठपुर।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देश एवं संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छग के आदेशानुसार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन कोरिया जिले में किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में यह विशेष अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी जयंती) तक चलेगा। इसका शुभारंभ 17 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे जिला पंचायत ऑडिटोरियम बैकुंठपुर में किया जाएगा। महिलाओं (15-49 वर्ष) एवं किशोरी बालिकाओं में एनीमिया, सिकल सेल रोग, मासिक धर्म स्वच्छता, टीकाकरण और पोषण आहार संबंधी जांच एवं परामर्श दी जाएगी। इसके तहत गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं मुख कैंसर के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### चिरमिरी में अभियान का शुभारंभ आज से

**डोमनहिल।** प्रदेशभर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर से हो रहा है। यह विशेष अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम आज प्रातः 11:30 बजे मंगल भवन, पोड़ी, चिरमिरी में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति संतोष सिंह एवं नगर निगम पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। अभियान के शुभारंभ के साथ ही रक्तदान शिविर एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन भी किया गया है, जो आज सुबह 10 बजे से जिला अस्पताल एमसीबी, बड़ा बाजार, चिरमिरी में संपन्न होगा।

# ठगी से बचाव के लिए साइबर रथ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 15 सितंबर को भारतीय स्टेट बैंक बैकुंठपुर शाखा द्वारा जिले में साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर रथ का संचालन किया गया।


कार्यक्रम का शुभारंभ उप पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार साहू ने हरीझंडी दिखाकर किया। साइबर रथ बैकुंठपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को जागरूक किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव की जानकारी मनमोहक प्रस्तुतियों के जरिए दी। एसबीआई मुख्य शाखा प्रबंधक रामजी सोनी ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में अपनी गोपनीय जानकारी (ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम पिन आदि) साझा न करें, अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध एप या एपीके फाइल डाउनलोड न करें और डिजिटल अरेस्ट या एआई आधारित फर्जी वीडियो कॉल से सतर्क रहें।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर सेल, पुलिस थाना एवं अपने बैंक को सूचित करें। आपकी सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराध रोकने का सबसे बड़ा हथियार है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सरहदी पंचायत का दौरा

**अनूपपुर।** जिले के अंतिम छोर की ग्राम पंचायत मुड़धोवा में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने शनिवार को दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए तत्काल निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे अध्यक्ष के समक्ष रखे। इनमें कैलाश घाट से बंजारटोला तक ग्रेवल मार्ग निर्माण, ग्राम बंजारटोला में विद्युतीकरण, ग्राम मुड़धोवा में कोमल यादव के घर से स्कूल तक पीसीसी रोड निर्माण, सुधा द्विवेदी के घर से मेन रोड तक पीसीसी रोड, हरिजन मोहल्ले में पीसीसी रोड, ब्राह्मण मोहल्ले में सांस्कृतिक मंच निर्माण, नल-जल योजना की पानी टंकी की मरम्मत एवं प्राथमिक विद्यालय मुड़धोवा को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन जैसी मांगे प्रमुख रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत संज्ञान लेने और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आज होगी भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**बैकुण्ठपुर।** शिल्प एवं सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जी का पूजा 17 सितंबर को जगह-जगह किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों, गेराज, एसईसीएल वर्कशॉप सहित अन्य जगहों पर भक्तिभाव के साथ देव शिल्पी विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना सुबह के समय किया जाएगा। इस अवसर पर कुछ प्रतिष्ठानों में भंडारा प्रसाद का भी वितरण किया जाता है। 17 सितंबर को विभिन्न प्रतिष्ठानों में कम्प्यूटर एवं अन्य मशीनों की साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की जाएगी। कुछ लोगों के द्वारा तो आज के दिन मशीनों की पूजा-अर्चना कर काम बंद भी रखा जाता है।

बहरहाल विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वर्कशॉप, औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को ब्रम्हांड का पहला दिव्य वास्तुकार माना गया है, उनके स्वर्ग लोक से लेकर भगवान कृष्ण के द्वारका नगरी तक का निर्माण किया था। यही कारण है कि यह दिन उन सभी लोगों के लिए खास है, जिनका संबंध निर्माण वास्तुकला, इंजीनियरिंग और तकनीकी कार्यो से है।

# नपाध्यक्ष प्रतिमा ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग की



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को पत्र लिखकर नगर के विभिन्न वार्डों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की समस्याओं से अवगत कराया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कई आंगनबाड़ी केन्द्र निजी भवनों में संचालित हो रहे हैं, जहां सुविधा के अभाव में बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष ने मांग की है कि ऐसे केन्द्रों के लिए नवीन भवन स्वीकृत कर निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही वर्तमान में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की सुविधा के लिए वॉटर कूलर स्थापित कराने तथा भवनों के विद्युतीकरण कार्य की भी आवश्यकता बताई गई है। श्रीमती यादव ने मंत्री से इन मांगों की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### टीपर की टक्कर से स्कूटी सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहां मेहमानी कर स्कूटी से घर लौट रहे युवक को सिंघी टाना के समीप विपरीत दिशा से आ रहे टिपर वाहन के चालक के लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लहपटरा निवासी ध्रुव कुमार आ. कुदर राम (40 वर्ष) गत दिन ग्राम सरई टिकरा निवासी रिश्तेदार के यहां मेहमानी करने गया था। शाम को स्कूटी से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही सिंघीटाना पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे टिपर क्रमांक सीजी 15 ईई 5258 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया।

## एनएच पर गिरा विशालकाय पेड़, लगा जाम

**बैकुण्ठपुर।** एनएच 43 पर मंगलवार की देर शाम करीब 7 बजे विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे आवागमन बाधित हो गई। बडे वाहनों की जाम लगी रही। वहीं दुपहिया वाहन किसी तरीके से निकलते दिखे। ये विशालकाय पेड़ सड़क के किनारे काफी दिनों से झूके हुए थे, जिसे हटाने की जहमत संबंधित विभागीय अधिकारियों ने नहीं की और इन दिनों हो रही बारिश के कारण पेड़ मुख्यमार्ग पर गिरा। समाचार लिखे जाते तक किसी के हताहत की जानकारी नहीं मिली है। एनएच मार्ग पर जाम लगा हुआ है।





### क्षेत्रीय विधायक को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

# मनसुख में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के ग्राम पंचायत मनसुख के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की है।


किसानों का कहना है कि यदि 16 सितंबर से 10 अक्टूबर तक के बीच धान खरीदी केन्द्र की स्थापना नहीं की गई, तो वे विवश होकर आंदोलन एवं चक्काजाम करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, जामपारा के अंतर्गत 12 ग्राम चिल्का, बढ़नीझरिया, पिपरिया, रोबो, धरमपुर, पोटेडांड़, माटीझिरिया, टेंगनी, मदनपुर, अमरपुर, सुरमी और मनसुख के करीब 500 से अधिक किसान पंजीकृत हैं। वहीं इन गांवों से समिति केन्द्र की दूरी लगभग 30 किमी है। इस कारण किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत मनसुख में पानी टंकी के पास खसरा नंबर 621, रकबा 4.0000 हेक्टेयर भूमि धान खरीदी केन्द्र संचालन के लिए पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। यहां विधायक निधि से भूमि समतलीकरण का कार्य भी हो चुका है। किसानों ने अपनी ओर से भी लाखों रूपए का सहयोग करते हुए भूमि निर्माण कार्य पूर्ण कराया है, इसके बावजूद अब तक इस केन्द्र में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि किसानों द्वारा इस संबंध में कई बार जनदर्शन के माध्यम से आवेदन दिया गया, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



किसानों ने कहा कि जब क्षेत्र के किसानों ने अपनी मेहनत और संसाधनों से खरीदी केन्द्र का पूरा ढांचा तैयार कर दिया है, तो फिर प्रशासनिक लापरवाही के चलते इसे संचालित न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों का कहना है कि खरीदी केन्द्र के अभाव में उन्हें दूर-दराज के केन्द्रों तक जाना पड़ता है, जिससे समय और परिवहन दोनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। कई बार छोटे किसान अपने सीमित संसाधनों के कारण धान बेचने ही नहीं जा पाते और मजबूरन कम दाम पर बिचौलियों को ⏭ शेष पेज 4 पर

# सरकार वादों से मुकर रही मांगें जल्द मानेंः कमरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)के कर्मचारी प्रदेशभर में अपनी लंबित मांगों को लेकर पिछले एक माह से हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

इसी बीच पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांगने वाली पार्टी अब अपने ही वादों से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को धमकाने और दमनकारी नीति अपनाने की कोशिश की जा रही है। पूर्व विधायक ने दावा किया कि सरकार समाधान खोजने के बजाय एनएचएम कर्मचारियों को बर्खास्त करने की तैयारी कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।


उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द नहीं माना गया तो जनता को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ेगा और इसकी जिम्मेदारी सरकार पर होगी। श्री कमरो ने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर उनकी मांगों को पूरा किया जाए, ताकि प्रदेश की जनता को निर्बाध स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।



# कांतारा चैप्टर 1 में नागा साधु बने हैं ऋषभ शेट्टी

**मुंबई।** 'कांतारा चैप्टर 1' के भी राइटर, डायरेक्टर और लीड एक्टर ऋषभ शेट्टी ही हैं। फिल्म का निर्माण विजय किरागंदूर ने होम्बले फिल्म्स के बैनर तले किया है। कदंब वंश के शासनकाल के दौरान 300 ईस्वी में स्थापित 'कांताराः चैप्टर 1' दर्शकों को बनवासी के रहस्यमय जंगलों में ले जाता है, जहां दिव्य आत्माएं जागृत होती हैं और दैव परंपरा की जड़ें जमती हैं।' ऋषभ फिल्म में एक नागा साधु की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो नश्वर और दिव्य के बीच एक पुल की तरह है। 'ऋषभ एक भयंकर नागा साधु के रूप में नजर आने वाले हैं। एक योद्धा, एक रहस्यवादी, जिसकी नियती में नश्वर और दिव्य के बीच पुल बनना लिखा है।

लाइफ Style



# अनन्या

## व्लॉग में संजोईं मालदीव की झलकियां

अनन्या पांडे मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी मालदीव वेकेशंस की झलकियां फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। इन छुट्टियों के दौरान अनन्या ने एक नई चीज में हाथ आजमाया है। उन्होंने व्लॉग मेकिंग में पहली कोशिश करते हुए वीडियो शेयर किया है। इस पर नेटिजन्स के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


अनन्या पांडे ने सोमवार को एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें उन्होंने सुबह उठने से लेकर नाश्ता, स्विमिंग, साइकिलिंग, लंच, डिनर और घुमक्कड़ी के कुछ पल शेयर करते हुए वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा है, 'व्लॉग मेकिंग में मेरा पहला प्रयास, लेकिन मालदीव में बेहद खुशनुमा वक्त बिताने को मिला है'। अनन्या पांडे के इस वीडियो पर नेटिज्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। कोई अनन्या की क्यूटनेस की तारीफ कर रहा है तो कोई व्लॉगिंग के लिए उनका उत्साह बढ़ा रहा है। कुछ यूजर्स तो उन्हें यूट्यूब चैनल खोलने का ही सुझाव दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'हम आज व्लॉगर अनन्या पांडे से मिल रहे हैं'। कुछ यूजर्स और व्लॉग्स बनाने का सुझाव दे रहे हैं। कुछ नेटिजन्स तंज भी कस कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपके पास जब कोई स्किल न हो तो फेमस होने का इकलौता जरिया'। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म का नाम है, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी'। यह फिल्म 31 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अनन्या पांडे के साथ कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अपनी लाइफ में पहली बार बर्फ देखी

**लॉस एंजिल्स।** टॉक शो की फेमस होस्ट और कॉमेडियन एलेन डीजेनेरेस अपनी बीवी पोर्टिया डि रॉसी के साथ अब कैलिफोर्निया छोड़कर इंग्लैंड में रहती हैं। उन्होंने ब्रॉडकास्टर रिचर्ड बेकन से कहा था, 'ये बहुत खूबसूरत है। हमें इस तरह की खूबसूरती देखने की आदत नहीं है। गांव, कस्बे और वास्तुकला - आप जो कुछ भी देखते हैं, वो मनमोहक है और ये जीवन जीने का एक सरल तरीका है। उन्होंने आगे कहा, 'हम यहां नवंबर में आए थे, जोकि सही समय नहीं है, लेकिन मैंने अपनी लाइफ में पहली बार बर्फ देखी। यहां बहुत अच्छा लगता है।



# 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। ट्रेनिंग डे, रिमेम्बर द टाइटन्स, क्रिमसन टाइड और ही गॉट गेम जैसी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर और आर्टहाउस फिल्मों के बीच गजब का संतुलन बनाया है। इसी साल 2025 में डेनजेल की फिल्म हाईएस्ट 2 लोएस्ट रिलीज हुई। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।



# सनी संस्कारी... में रोमांस कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का सोमवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का देखने को मिल रहा है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान जान्हवी और वरुण समेत फिल्म की पूरी कास्ट पारंपरिक लुक में नजर आई।'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' से होगी। इस इवेंट के दौरान जान्हवी कपूर ने अपनी शादी की प्लानिंग को लेकर भी बात की।इस सवाल के जवाब में जान्हवी ने साफ कहा कि अभी मेरी प्लानिंग सिर्फ फिल्मों को लेकर है। मैं फिल्मों की प्लानिंग कर रही हूं।



# हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी जटाधारा

**मुंबई।** सिनेमा के प्रेमियों के लिए इस साल की आखिरी तिमाही काफी दिलचस्प होने वाली है। अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। फिल्मों की इस सूची में सोनाक्षी सिन्हा की पहली साउथ फिल्म 'जटाधरा' का नाम भी जुड़ गया है, जो इस साल नवंबर में रिलीज होगी। यह फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में दस्तक देगी। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। रिलीज डेट के साथ इसका कैप्शन लिखा है, 'अंधकार की गहराइयों के बाद एक उदय जरूर होता है'। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसके लिए दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस: नगमा के बेघर होते ही इमोशनल हुए आवेज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट इस वक्त काफी बढ़ी हुई है। शो में कंटेस्टेंट कब क्या नया रंग दिखा दें किसी को नहीं पता। एक तरफ जहां शो के कई कंटेस्टेंट खुलकर खेल रहे हैं तो वहीं, कई ऐसे हैं जो शांत रहकर अपना गेम प्ले कर रहे हैं। ऐसे में बिग बॉस के तीसरे हफ्ते शो में डबल एविक्शन हुआ जो काफी शॉकिंग रहा। शो से दो कंटेस्टेंट नतालिया जानोसजेक और नगमा मिराजकर घर से बेघर हुईं। नगमा के जाने से आवेज दरबार को काफी बुरा लगा और दोनों वीकेंड का वार में काफी इमोशनल भी हुए। 'बिग बॉस 19' में तीसरे हफ्ते ही नगमा मिराजकर का सफर शो से हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो गया है। नगमा के जाने से आवेज दरबार खुद को इमोशनल होने से रोक नहीं पाए। आवेज और नगमा काफी रोए और उन्हें इमोशनल होता देख फैंस और घरवाले सभी दुखी थे। जाते-जाते नगमा ने आवेज को ऐसी बात कही, जिसे सुनकर वो यकीनन बेहद खुश हुए होंगे। नगमा ने कहा कि अब वो बाहर जाकर शादी की तैयारी करती हूं। जी हां, नगमा और आवेज जल्द ही शादी करने वाले हैं। इस बात से दोनों के फैंस काफी खुश हैं। सभी को उनका निकाह में कबूल है बोलते हुए देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। बिग बॉस 19 से नतालिया जानोसजेक और नगमा मिराजकर के घर से बेघर होने के बाद अब फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, बसीर अली, अशनूर कौर, अवेज दरबार, अभिषेक बजाज, तान्या मित्तल, नेहल चुडासमा, अमाल मलिक, आईजी प्रणित मोरे, कुनिका सदानंद, जीशान कादरी, नीलम गिरी, मृदुल तिवारी और शहबाज बदेशा घर में बचे हैं।

## संगीता ने बीच में छोड़ा राइज एंड फॉल

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा है और सुर्खियों में छाया हुआ है। इसमें अलग-अलग फील्ड के धुरंधरों को



बतौर कंटेस्टेंट लाया गया है। भारतीय पहलवान संगीता फोगाट ने भी बतौर कंटेस्टेंट एंट्री की थी लेकिन उन्हें बीच में ही शो छोड़ना पड़ा। बीते एपिसोड में रेसलर को ससुर बलवान पुनिया के निधन की जानकारी दी गई, जिसके बाद वह फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने फिर इस शो से जाने का फैसला किया। 'राइज एंड फॉल' के एक एपिसोड में संगीता फोगाट को लाइब्रेरी रूम में बुलाया जाता है। वह जाती हैं और फिर जब लौटती हैं तो आंखों में आंसू होते हैं। वह सिसक-सिसककर रोती हैं। हर कंटेस्टेंट्स हैरान हो जातें है कि आखिर क्या हो गया। इसकी क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस एक्स पर भी शेयर की गई है। जहां बाकी उनसे पूछते हैं कि अचानक क्या हो गया तो वह ससुर के निधन की न्यूज सुनाती हैं।

# काजोल-ट्विंकल के चैट शो टू मच का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर नया चैट शो शुरू होने वाला है, जिसे बॉलीवुड की दो चर्चित अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किया जाएगा। अब इस शो का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें कई आगामी मेहमानों की झलक दिख रही है। हालांकि, सलमान और आमिर खान की जोड़ी दर्शकों का ध्यान खींच रही हैं। काजोल-ट्विंकल के चैट शो 'टू मच' के ट्रेलर में कई मेहमानों की झलक दिखती है। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आमिर-सलमान की जोडी ने खींचा। वीडियो में दिखता है कि काजोल ने पूछा कि वो उनके शो का कैसे प्रचार करेंगे? इसके जवाब में सलमान ने कहा, 'ट्विंकल-ट्विंकल लिटिल स्टार्स।' ये सुनते ही सब हंस पड़ते हैं। शो में दोनों खान को खूब मस्ती करते देखा गया। इतना ही नहीं आमिर खान ने खुश होकर सलमान के गाल पर चूम लिया। शो के ट्रेलर में गोविंदा और चंकी पांडी की भी जोड़ी नजर आ रही है। इसमें देखा



जाता है कि गोविंदा अपने आइकॉनिक डॉयलॉग को बोलते हैं, 'इत्ती खुशी।' इसके अलावा चंकी पांडे भी खूब मजाकिया करते दिखते हैं। इसमें वरुण धवन और आलिया भट्ट भी शो की शोभा बढ़ाने पहुंचे हैं। इसके अलावा विक्की कौशल, कृति सैनन, करण जौहर, जान्हवी कपूर जैसे दिग्गज कलाकार नजर आ रहे हैं। काजोल और ट्विंकल खन्ना का यह नया टॉक शो 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है।

# घाटी की परफॉर्मेंस से सदमे में अनुष्का सोशल मीडिया से लिया ब्रेक....

*अनुष्का शेट्टी ने 'बाहुबली' में देवसेना के रोल में सबका दिल जीत लिया और हर कोई उनका फैन बन गया था। उन्होंने इसके बाद कई और फिल्में कीं, पर अब एक्ट्रेस के एक फैसले ने फैंस को चौंका दिया है। अनुष्का शेट्टी ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला किया है और पोस्ट लिखा है। अनुष्का ने यह फैसला अपनी हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'घाटी' को मिले ठंडे रिस्पॉन्स के बाद लिया है।*

**मुंबई।** अनुष्का शेट्टी का असली नाम है स्वीटी है, पर ऑनस्क्रीन ऐसी धाकड़ हैं कि बड़े-बड़े स्टार्स भी इनके आगे फीके पड़ जाते हैं। फैंस तो उन्हें 'लेडी सुपरस्टार' कहकर बुलाते हैं, पर अब यही सुपरस्टार सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही है। अनुष्का ने बताया कि वह अब असली दुनिया से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हैं। अनुष्का शेट्टी ने लिखा, 'ब्लू लाइट से कैंडल लाइट की ओर जा रही हूं। कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं ताकि असली दुनिया से दोबारा जुड़ सकूं। जल्द लौटूंगी और भी कहानियों और ढेर सारा प्यार लेकर।'



अनुष्का शेट्टी की फिल्म 'घाटी' 5 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पड़ गई और एक हफ्ते में सिर्फ 6.64 करोड़ रुपए ही कमा पाई है। इसे कृष्णा जगर्लामुड़ी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अनुष्का के साथ विक्रम प्रभु हैं। अनुष्का शेट्टी अब जल्द ही रोजिन थॉमस की हॉरर-फैंटेसी थ्रिलर 'कथानार-द वाइल्ड सोर्सरर' में नजर आएंगी। इससे वह मलयालम फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें वह नीला नाम की बुनकर का रोल प्ले करेंगी।

## 77वें एमी अवॉर्ड्स में बने कई अनोखे रिकॉर्ड्स, अलग-अलग देखने को मिले अंदाज

# द स्टूडियो को मिले 13 अवॉर्ड्स, 15 साल के ओवेन ने रचा इतिहास

*__लॉस एंजिल्स।__ टेलीविजन के सबसे बड़े और चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। ये अवॉर्ड्स लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में हुए। 77वें एमी अवॉर्ड्स में कई अनोखे रिकॉर्ड्स भी बने और ऐसे पल भी आए जो पहली बार एमी अवॉर्ड्स में हुए। साथ ही इस दौरान रेड कार्पेट पर भी कलाकारों के अलग-अलग अंदाज देखने को मिले। 77वें एमी अवॉर्ड्स के दौरान नेटफ्लिक्स के ओरिजिनल शो 'एडोलसेंस' में अभिनय करने वाले ओवेन कूपर एमी पुरस्कार जीतने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के अभिनेता बन गए। उन्होंने लिमिटेड सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड जीता। उन्होंने यह अवॉर्ड सिर्फ 15 साल की उम्र में अपने नाम किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह वाकई अद्भुत है। सच कहूं तो, जब मैंने थिएटर क्लासेज शुरू की थीं, तो मुझे यह पुरस्कार जीतने की उम्मीद नहीं थी। तीन साल पहले मैं कुछ भी नहीं था, लेकिन अब मैं यहां हूं।*

### टिलमैन बने एमी जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति

ट्रैमेल टिलमैन ने एमी अवॉर्ड्स 2025 में इतिहास रच दिया। वो सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का एमी पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बन गए। उन्हें 'सेवरेंस' में मिलचिक की भूमिका निभाने के लिए यह अवॉर्ड मिला। उन्होंने अपनी मां को अपने इस खास अवॉर्ड को समर्पित किया, जिन्हें वो अपना पहला एक्टिंग कोच भी मानते हैं।

### स्टीफन ने नमस्ते के साथ खत्म किया भाषण

इस दौरान स्टीफन ग्राहम को नेटफ्लिक्स की 'एडोलसेंस' के लिए लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। इस दौरान अपने भाषण के दौरान अंत में नमस्ते कहकर उन्होंने भारतीय फैंस को खुश कर दिया। उनका भाषण अब वायरल है।

### ओलिवर के स्पीच को दो जगह करना पड़ा बीप

77वें एमी अवॉर्ड्स में जॉन ओलिवर को 'लास्ट वीक टुनाइट' के लिए बेस्ट स्क्रिप्टेड वैरायटी सीरीज का एमी पुरस्कार जीता। लेकिन इस दौरान 15 सेकंड के उनके विनिंग स्पीच को लाइव टेलीविजन पर दो बार बीप किया गया। जिसके बाद उनका भाषण का चर्चा का विषय बन गया। हालांकि, बाद में सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके उस बिना बीप वाले भाषण का भी वीडियो शेयर किया। इसमें ओलिवर कुछ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हैं। इसी वजह से उन्हें बीप कर दिया गया।



***द स्टूडियो ने जीते सबसे अधिक अवॉर्ड :*** *कॉमेडी सीरीज 'द स्टूडियो' ने भी एमी अवाड्र्स में इतिहास रचा। यह सीरीज एमी के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा पुरस्कार जीतने वाली कॉमेडी सीरीज बन गई है। 77वें एमी अवॉर्ड्स में इस शो ने कुल 13 ट्रॉफी अपने नाम कीं। इसके साथ ही इस शो ने किसी कॉमेडी सीरीज का सबसे अधिक अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले यह अवॉर्ड 'द बियर' के नाम था, जिसने 2023 के एमी में 10 ट्रॉफी जीती थीं।*

### एमी अवॉर्ड्स 2025 के विनर्स

लीड एक्ट्रेस इन कॉमेडी सीरीज- जीन स्मार्ट – हैक्स
लीड एक्टर इन कॉमेडी सीरीज- सेठ रोजन- द स्टूडियो
बेस्ट एक्ट्रेस इन ड्रामा- ब्रिट लोअर, सेवरेंस
बेस्ट एक्टर इन लिमिटेड सीरीज- स्टीफन ग्राहम- एडोलसेंस
बेस्ट एक्ट्रेस इन लिमिटेड सीरीज- क्रिस्टिन मिलिओटी- दे पेंगुइ
बेस्ट ड्रामा सीरीज द पिट
लीड एक्टर इन ड्रामा सीरीज- नूह वाइल - द पिट
बेस्ट कॉमेडी सीरीज- द स्टूडियो
बेस्ट लिमिटेड एंथोलॉजी सीरीज- एडोलसेंस
बेस्ट टॉक सीरीज- द लेट शो विद स्टेफिन
बेस्ट स्क्रिप्ट वैरायटी सीरीज- लास्ट वीक टू नाइट विद ज़ान ऑलिवर
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर इन ड्रामा- ट्रैमेल टिलमैन, सेवरेंस
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन ड्रामा- कैथरीन लानासा- द पिट
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर इन कॉमेडी- जेफ हिलर- समबडी समव्हेयर
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन कॉमेडी- हन्नाह आइनबिंदर- हैक्स
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट लिमिटेड सीरीज- ओवेन कूपर- एडोलसेंस
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन लिमिटेड सीरीज- एरिन डोहर्टी- एडोलसेंस
डायरेक्टिंग फॉर ए ड्रामा सीरीज- एडम रैंडल - स्लो हॉर्सेस
डायरेक्टिंग फॉर ए लिमिटेड या एंथ्रोलॉजी सीरीज- फिलिप बैरंटिनी – एडोलेसेंस
डायरेक्टिंग फॉर ए कॉमेडी सीरीज- सेठ रोजेन- द स्टूडियो

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान

**उदयपुर।** शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर में श्रमदान दिवस का आयोजन किया गया। जन भागीदारी समिति और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राधे श्याम ठाकुर ने कहा कि जन सहयोग एवं आपसी सामूहिक कार्य गतिविधि से ही महान कार्य की सिद्धि होती हैं। शिक्षा संस्थान और समाज कार्य दोनों परस्पर मिलकर जब अनुक्रिया करते हैं तब देश और राष्ट्र का उत्थान होता है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से सुश्री अंजलि एवं मनीष कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब सामूहिक रूप से किसी कार्य गतिविधि को पूर्ण की जाती हैं तब कार्य की पुष्टि सरलता से हो जाती है,इससे आपसी सद्भाव का भी विकास होता है ।प्रत्येक को अपनी मेहनत के अनुसार हर एक काम में अपना शत प्रतिशत योगदान देना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडेय ने कहा कि शारीरिक श्रम और मानसिक श्रम दोनों ही बहुत जरूरी है इससे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से वैयक्तिक तौर पर मजबूत बनता है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अनिल प्रताप सिंह, आशीष बंसल, परमेश्वर प्रजापति, शिव शंकर गोस्वामी, सुश्री अंजलि एवं मनीष कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया।

### पुत्र की लंबी उम्र की कामना के साथ माताओं ने रखा निर्जला उपवास

**सीतापुर।** पुत्र की लंबी उम्र की कामना के साथ माताओं ने जितिया का व्रत करते हुए निर्जला उपवास रखा। इस दौरान माताएं पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये बगैर उपवास रहती है।जितिया व्रत की शुरुआत सप्तमी तिथि से शुरू होती है। इस दिन माताएं नहा धोकर सात्विक भोजन ग्रहण करती है। अष्टमी तिथि को पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये निर्जला उपवास करने वाली माताएं जीवित पूजा के लिए सार्वजनिक शिवमंदिर पहुंची जहां शाम को जीवित वाहन नागराज की पूजा अर्चना के बाद माताओं ने कथा सुनी। कथा सुनने के बाद माताओं ने जितिया महिजा मंत्र का जाप करते हुए पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की। मंदिर में पूजा अर्चना एवं कथा सुनने के बाद व्रती माताएं अपने घर चली गई।पूरे दिन और रात निर्जला उपवास रहने के बाद माताएं नवमी तिथि को सूर्योदय के बाद इस व्रत का पारण करती है। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करते हुए व्रत तोड़ा जाता है।

### महाविद्यालय ने मनाया भाषा गौरव और संस्कृति का उत्सव

**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य नंद कुमार देवांगन ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि यह ज्ञान-विज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला है। उन्होंने हिन्दी की उपयोगिता एवं वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मूल एवं संदर्भ ग्रंथों के अध्ययन की प्रेरणा दी। प्रो. नंद किशोर सिंह ने विभिन्न भाषा-व्याकरणों की चर्चा करते हुए हिन्दी को वैज्ञानिक एवं समन्वयकारी भाषा बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रो. योगेश राठौर, मंजीत चौबे ने भी अपने विचार रखे।

## पुलिया धराशायी होने से स्कूली बच्चों सहित लोगों थे परेशान

# ग्राम पंचायत पटना के ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर बनाई पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

गांव के विकास में पुल-पुलिया सहित सड़क की सुविधा अहम होती है। ऐसे में इनमे से एक भी सुविधा न हो तो न सिर्फ ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बल्कि आवागमन बाधित हो जाती है और लोगों को कई किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटना की है जहां पुलिया के धराशायी हुए कई माह हो गए लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोगों ने आपस में चंदा करने के पश्चात श्रमदान कर अस्थाई पुलिया का निर्माण किया जिसके बाद आवागमन शुरू हो सकी।

**खास बात**

- मरम्मत कराने जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन से लगा चुके हैं गुहार

जनपद पंचायत शकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना स्थित पुलिया कुछ माह पूर्व ही धराशायी हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कत होने लगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन से पुलिया मरम्मत कराने की मांग की लेकिन पुलिया की मरम्मत नहीं हो सका। ग्राम पंचायत पटना के ग्रामीणों ने आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर खुद ही अस्थाई पुलिया निर्माण करने का निर्णय लिए। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से चंदा कर आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एवं बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर धराशाई पुलिया को स्वयं ही श्रमदान कर मरम्मत किया।



पुलिया मरम्मत कराते गामीण।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग शंकरगढ़ बचवार से बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ती है। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से न सिर्फ आवागमन बाधित हुआ बल्कि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए घूम कर 20-25 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता का सफर तय करना पड़ता है। गांव के छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कई बार पुलिया मरम्मत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से गुहार भी लगाई परंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका और न ही किसी प्रकार कोई पहल किया गया। अंततः ग्रामीणों ने आपसी एकता से श्रमदान कर एवं पैसा लगाकर अस्थाई रूप से पुलिया को आवागमन हेतु मरम्मत कराया है।

**जिला मुख्यालय को जोड़ती है सड़क**

ग्रामीणों द्वारा अस्थाई पुलिया निर्माण करने से क्षेत्र के लोगों को काफी हद तक राहत मिली है। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी कार्य से जिला मुख्यालय जाते है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से लोगो की परेशानी काफी बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क शंकरगढ़ बचवार से बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ती है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से जिला मुख्यालय जाने के लिए लगभग 20 से 25 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था।

**ग्रामीणों ने की स्थाई पुलिया निर्माण की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थाई पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आपस में चंदा कर अस्थाई पुलिया तो बनाया गया है लेकिन लगातार हो रही बारिश से पुलिया कभी भी धराशायी हो सकता है। ऐसे में पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थाई पुलिया निर्माण से न सिर्फ पुलिया टिकाउ होगा बल्कि आवागमन भी सुचारू रूप से शुरू हो सकता है।



## छोटी-छोटी बातों पर निराश ना हों, बढ़ते रहे आगे : टोप्पो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को राजीव गांधी महाविद्यालय में राज्य युवा आयोग द्वारा युवा संवाद अभियान अंतर्गत युवा विकास उन्मुखी विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम कुमार टोप्पो मुख्य अतिथि एक रूप में शामिल हुए। विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि पहले युवाओं को ना ही इतनी सुख सुविधा प्राप्त होती थी ना ही इतनी व्यवस्थाएं थी न मोबाइल की सुविधा थी किंतु अब आपके पास आगे बढ़ने के समुचित अवसर हैं। बस आपको चयन करना है कि आपको कैसे आगे बढना है आपको यह भी सुनिश्चित करना है कि आप छोटी-छोटी बातों पर निराश ना हो आगे बढ़े।

- राज्य युवा आयोग के युवा सम्वाद कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि मैं इसी कॉलेज का छात्र रहा हूं अंबिकापुर की मिट्टी में ही जन्म लिया है। मेरा सदा से यह संकल्प रहा कि मैं यदि इस योग्य बनता हूं कि मैं आप सभी के लिए कुछ कर सकूं तो यह मेरा सौभाग्य होगा। विशिष्ट अतिथि आईजी दीपक झा ने कहा कि युवाओं में वह शक्ति है, वह ताकत है कि वह समाज की दिशा और दशा बदल सकते हैं। आज भारी बारिश में भी आपका उत्साह देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि सरगुजा के युवा सच में वह सामर्थ्य रखते हैं, जो यदि गलत के विरुद्ध खड़े हो जाए तो समाज को नई दिशा प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि नशा बहुत से अपराध का कारण बनता है इसलिए नशामुक्ति के क्षेत्र में सरगुजा पुलिस नवा विहान कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालय में जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम कर रही है। ऐसी कोई भी सूचना जो कि आगे चलकर गंभीर अपराध का कारण बन सकती है यदि आपको प्राप्त हो तो तत्काल हमें जानकारी पहुचाये। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कहा कि साइबर अपराध पर युवाओं की भागीदारी क्या होनी चाहिए एवं नशा विरोधी अभियान कैसे समाज को नई दिशा देने में कारगर हो सकता है। उन्होंने युवा आयोग को इस सार्थक प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, पायल सिंह तोमर भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा पांडे व आभार प्रदर्शन पार्षद दीपक यादव ने किया। सभी अतिथियों का धन्यवाद करके किया। इस दौरान रौनी मिश्रा, सृष्टि सिंह राजपूत, लवकेश शुक्ला, एनसीसी के दीपक, सौरभ मिश्रा, विकास शुक्ला, हर्ष जयसवाल, अमोघ कश्यप, शानू कश्यप, धीरज सिंह, उत्कर्ष पाठक, मनीष सिंह उपस्थित थे।

## मंत्री राजवाड़े ने बालक गृह का किया औचक निरीक्षण, ली विभागीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के भ्रमण में आई। उन्होंने उदय शांति बालक बाल गृह का निरीक्षण की। इस दौरान वहाँ निवासरत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं देखरेख की व्यवस्था का विस्तार का जायजा लिया। बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, अध्ययन कक्ष, आवासीय व्यवस्था एवं खेलकूद की गतिविधियों की भी जानकारी ली।

इस अवसर पर बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित की। सुशासन सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्तम संस्कार मिलें, ताकि वे अपने जीवन में प्रगति करते हुए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण की। इस दौरान पीड़ित महिलाओं एवं जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध त्वरित सहायता, परामर्श, आश्रय, चिकित्सकीय सुविधा और विधिक परामर्श जैसी सेवाओं का अवलोकन



की। निरीक्षण के दौरान सेंटर के स्टाफ से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने का कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण में यह सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो वास्तव में सराहनीय है। ग्राम भनोरा स्थित खुशी वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण की। आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, भोजन, देखभाल एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, गोपाल कृष्ण मिश्रा, कृष्ण गुप्ता, लोधी राम एक्का, संजय सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, मुकेश गुप्ता, अजय गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता आदि शामिल थे।

## अमेरा खदान विस्तार हेतु परसोढ़ीकला गांव के विस्थापन की खबरें अफवाह : महाप्रबंधक

**बिश्रामपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकास खंड में संचालित अमेरा खुली खदान परियोजना को लेकर एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने आ रही भ्रामक खबरों में स्थिति स्पष्ट की है,उन्होंने कहा कि वर्तमान में अमेरा खदान का विस्तार परसोढीकला गांव में होना है, इसे लेकर कुछ लोग भ्रामक बातें व अफवाह फैला रहे हैं,उन्होंने कहा कि परसोढीकला गांव को खदान खोलने के लिए गाँव के बसे लोगों को हटाने व विस्थापन करने की कोई योजना नहीं है, यहां फिलहाल केवल कृषि भूमि से कोयला उत्खनन की योजना है,उन्होंने बताया कि जुलाई 2024 में खदान के लिए जनसुनवाई और डीआरआर की बैठक में ग्रामीणों ने कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्वास नीति (घटते क्रम सूची)को चुना था,उन्होंने बताया कि यहां की कुल 473 एकड़ काश्तकारी भूमि पर 236 भू स्वामियों के लिए रोजगार सृजित किए गए हैं,उन्होंने बताया कि साधारण परिस्थिति में दो एकड़ रकबे जमीन अधिग्रहण होने में एक सदस्य को नौकरी मिलती है जबकि यहां 29 डिसमिल में भी भू विस्थापित ग्रामीण को नौकरी की पात्रता दी गई है,उन्होंने बताया कि करीब 86 करोड़ का मुआवजा यहां के ग्रामीणों के लिए पारित किया गया है,इसमें 19 प्रतिशत ग्रामीणों ने मुआवजा भुगतान की राशि स्वीकार कर ली है।जीएम ने कहा कि ग्रामीणों के मन में जो भी शंका है उसका हर स्तर पर समाधान किया जाएगा,इसके लिए ग्रामीणों से प्रबंधन के लोग व्यक्तिगत रूप से बात कर रहे हैं,बताया गया कि भू स्वामियों को नौकरी देने हेतु तेजी से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं,पिछले दिन तीन भू स्वामियों को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र देकर इसकी शुरुआत कर दी गई है।

## गोविंदपुर नर्सरी में साथियों संग पार्टी मना रहे युवक पर भालू ने किया हमला

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर नर्सरी में साथियों के साथ रात को पार्टी मना रहे एक युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया,घटना शनिवार रात साढ़े आठ बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि ग्राम गोविंदपुर नर्सरी में बीती रात आधा दर्जन से अधिक युवक रात्रि में नर्सरी में पार्टी कर रहे थे,इसी दौरान अचानक नर्सरी से निकले दो भालू में से एक ने पार्टी में शामिल युवक सन्नी यादव पिता रूप साय 21 वर्ष को पीछे से हमला कर पंजा मार दिया,चीख पुकार व हो हंगामा मचने के बाद दोनों भालू घायल युवक को छोड़कर नर्सरी की तरफ घुस गये,प्राप्त जानकारी अनुसार पार्टी मना रहे साथियों ने जब दो भालूओं को सामने से आते देखा तो वे सभी डरकर इधर उधर खाली जगह देखकर भागने लगे,घटना पश्चात खून से लथपथ आहत युवक को साथियों व आसपास के लोगों ने बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है,मामले में जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि एसईसीएल कुमदा खदान के बाजू रिक्त क्षेत्र में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा नर्सरी लगाई गई है।




























## खबर संक्षेप



### परियोजना कार्यालय भवन अधूरा

**मनेन्द्रगढ़।** परियोजना कार्यालय जनकपुर के जीर्णोद्धार कार्य में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। भवन की मरम्मत के लिए 9 लाख रूपए की राशि स्वीकृत होने के बावजूद ठेकेदार ने खानापूर्ति कर कार्य अधूरा छोड़ दिया। स्थिति यह है कि भवन जर्जर होने से पूरा कार्यालय आज भी मात्र एक कमरे में संचालित करने को विवश है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत जनकपुर के उपाध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के एसडीओ से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने भी कार्य की गुणवत्ता को निम्न स्तर का बताते हुए आवश्यक कार्रवाई की बात कही।

### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम-2006, नियम-2007 तथा संशोधित नियम-2012 के प्रावधानों के तहत नवीन पात्र/अपात्र पाए गए व्यक्तिगत दावों, सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावों के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 17 सितंबर को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह बैठक अपरान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। संबंधित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से इसमें अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कल

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 18 सितंबर को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत करेंगी। इस अवसर पर जिले के दोनों विधायकगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा नगरपालिकाओं के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की मार्गदर्शिका के अनुसार केन्द्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सांसद अध्यक्षता में दिशा समिति का गठन किया गया है। इसी क्रम में सांसद कोरबा लोकसभा क्षेत्र से अनुमोदन प्राप्त कर यह बैठक आहूत की जा रही है। इस बैठक में जिले में संचालित सभी केन्द्रीय योजनाओं की कार्यप्रगति पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### श्रमवीरों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**बैकुण्ठपुर।** छग रजत महोत्सव के तहत श्रम विभाग द्वारा बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर करीब 200 से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया। शिविर में श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम में 25 श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 20 श्रमिकों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ग्रंथालय के लिए ...

के लिए कलेक्टर से मिलने का प्रस्ताव रखा। महाविद्यालय परिसर में खसरा नंबर 288 की शेष भूमि कॉलेज के नाम हस्तांतरित कराने के लिए कलेक्टर से भेंट करने का सुझाव दिया गया। समिति के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम उमेश पटेल ने विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। बैठक में डॉ. गौरव कुमार मिश्र, प्राचार्य शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर श्रीमती कृपा कल्याणी टोपो, सुभाष साहू, दिलीप गुप्ता, शशि कुमार मांझी, श्रीमती धनेश्वरी राजवाड़े, किरण चिकनजुरी, उमाशंकर राजवाड़े एवं सौरभ दुबे उपस्थित रहे। बैठक के सफल आयोजन में प्रो. अनुरंजन कुजूर एवं मो.आरीफ ढेबर की सक्रिय भूमिका रही।

### मनसुख में धान ...

उपज बेचने के लिए विवश हो जाते हैं, इसलिए किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े से विशेष हस्तक्षेप कर ग्राम पंचायत मनसुख में नविन समिति धान खरीदी केन्द्र को तत्काल शुरू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय पर खरीदी केन्द्र चालू नहीं किया गया, तो क्षेत्र के 12 ग्रामों के किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के भविष्य की नींवः लक्ष्मी



महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेती मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा, अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिले की महिला एवं बाल विकास विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह केवल एक भवन या केन्द्र नहीं, बल्कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव है।

उन्होंने अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी हमेशा साफ-सुथरी और सुरक्षित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, स्वच्छ छग का सपना तभी साकार होगा जब हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देंगे। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि बच्चों को रोजाना नहलाकर, साफ कपड़े पहनाकर आंगनबाड़ी भेजने की प्रेरणा उनकी माता-पिता को देनी होगी। बच्चों की स्वच्छता और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी है। उन्होंने चिंता जताई कि कई जगह आंगनबाड़ी केन्द्रों के बाहर गंदगी के कारण सांप-बिच्छू जैसे खतरनाक जीव-जंतु दिखाई देते हैं, जिससे कभी-कभी गंभीर घटनाएं हो जाती हैं। ऐसे हादसों से बचने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों के बाहर की साफ-सफाई को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपरवाइजरों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में समय पर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण सुनिश्चित करें और जहां भी कमी नजर आए, तत्काल सुधार की कार्रवाई करें।

प्रत्येक क्षेत्र में जहां 20-30 आंगनबाड़ी केन्द्र आते हैं, वहां निगरानी की व्यवस्था मजबूत की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी केन्द्र की उपेक्षा न हो। बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक करने और पोषण एवं पालन-पोषण की ट्रेनिंग दिलाने पर उन्होंने जोर दिया। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि बच्चों को मिलने वाले भोजन में पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए और सप्ताह में कम से कम दो से चार दिन मुनगा पत्ती की सब्जी या उसको दाल के साथ अनिवार्य रूप से परोसी जाए, क्योंकि इसमें कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बैठक में मंत्री राजवाड़े ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को मिलना चाहिए और इसमें विवाहिता महिलाओं को शामिल न किया जाए। उन्होंने महतारी वंदन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही तरीके से पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति बनाने को कहा। समीक्षा बैठक में विशेष सहायक श्रीमती रोहित तेम्भुकर, विशेष कर्तव्य अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, संयुक्त संचालक दिलदार सिंह मरावी, निजी सहायक, ओम प्रकाश राजवाड़े, विकास सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा, एसडीएम लिंगराज सिदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह, जमुना प्रसाद पाण्डेय भाजपा प्रवक्ता, वीरेन्द सिंह राणा नगर पालिका अध्यक्ष नई लेदरी, प्रतिमा यादव नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़, जिला पंचायत सदस्य अनीता चौधरी, विनिती अग्रवाल जनप्रतिनिधि, उप पुलिस अधीक्षक तरसिला टोप्पो के साथ-साथ प्रवेक्षक अधिकारी, विभागीय अधिकारी, सुपरवाइजर के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे।



### नेत्रहीन संस्था पहुंची मंत्री, 20 लाख की सौगात बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान

महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े का जिले में आगमन नेत्रहीन एवं दिव्यांग संस्था के लिए गौरव और उत्साह विषय रहा। उनके साथ समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक भूपेन्द्र पांडेय, कलेक्टर डी.राहुल वेंकट एवं डिप्टी कलेक्टर तथा समाज कल्याण विभाग की प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती इंद्रा मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। छात्रा श्रद्धा वर्मा एवं शिक्षिका श्रीमती आरती पांडेय ने पुष्पगुच्छ और शुभकामनाओं के साथ सम्मान किया। इसके पश्चात संस्था के प्राचार्य संतोष चढ़ोकर ने संस्था की गतिविधियों, अब तक की उपलब्धियों, बच्चों के प्रशिक्षण कार्य, शिक्षण पद्धति और संस्था के समर्पित प्रयासों पर आधारित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नेत्रहीन व विकलांग शिक्षण-प्रशिक्षण एवं धर्मार्थ समिति आमाखेरवा, मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत संचालित नेत्रहीन व विकलांग शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय, जिला एमसीबी एवं सरगुजा संभाग का एकमात्र ऐसा संस्थान है जो दृष्टिहीन बच्चों को शिक्षित, प्रशिक्षित कर उनके संपूर्ण पुर्नवास के लिए विगत 27 वर्षों से निरंतर कार्यरत है। वर्तमान में संस्था में 80 छात्र अध्ययनरत एवं निवासरत हैं। संस्था द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षा, भोजन, आवास, स्वास्थ्य और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। संस्था को समाज कल्याण विभाग, छग शासन से विगत 23 वर्षों से निरंतर कलेक्टर दर पर अनुदान प्राप्त हो रहा है, किंतु वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह राशि अपर्याप्त साबित हो रही है। बच्चों के भरण-पोषण के लिए प्राप्त राशि भी अत्यंत सीमित है और कर्मचारियों को अब भी केवल कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाता है, जिसके कारण कर्मचारियों और हितग्राहियों का जीवन-यापन कठिन हो रहा है। लगभग 30 वर्ष पुराने भवन की मरम्मत की भी आवश्यकता है जो समय-समय पर क्षतिग्रस्त होता रहता है।



मरीजों को फल बांटते जिपं अध्यक्ष।

# मरीजों को बांटे फल, मानस भवन में मना जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम।

जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया मोहितराम पैकरा का जन्म दिवस को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं इष्ट मित्रों ने उल्लास के साथ जगह-जगह मनाया, वहीं 15 सितंबर को प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे शहर में ही रही और वे भी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा का जन्म दिवस केक काटकर मनाया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, भाजपा पदाधिकारी व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित सुबह 9 बजे शहर के प्राचीन शिव मंदिर प्रेमाबाग में पहुंच कर पूजा-अर्चना करने के बाद उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा का जन्म दिवस केक काटकर मनाया। पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष पटना बरदिया के हनुमान मंदिर में पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की, इसके पश्चात वे अपने समर्थकों के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरदिया पहुंचे, जहां छग शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के तहत विद्यालय के छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए और बाद में विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। यहां के कार्यक्रम के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष दोपहर 1 बजे जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर पहुंच कर मरीजों को फल वितरण कर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों का हाल चाल भी जाना। इसके बाद यहां से जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा अपने समर्थकों के साथ शहर के धौराटिकरा में स्थित वृद्धाश्रम में दोपहर 2 बजे पहुंच कर वृद्धजन को फल वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त कर उनका हाल चाल एवं उनके समस्याओं को जाना और उन्हें दूर करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद अपरान्ह 3 बजे बौद्धिक मंदता आश्रम एवं बाल आश्रम में पहुंच कर बालकों को फल वितरण कर उनका हाल चाल जाना। इसके बाद यहां से अपरान्ह 4 बजे अस्थाई भाजपा कार्यालय छिंदडॉड में पहुंचे और पार्टी पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया। सायं 6 बजे ग्राम भखार चौक में मित्रों एवं कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया, रात्रि 7 बजे ग्राम पतरापाली चौक में मित्रों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जन्म उत्सव मनाया गया। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे शहर के मानस भवन में कंवर यूथ क्लब कोरिया एवं सर्व समाज के द्वारा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस पैकरा, जिला पंचायत कोरिया अध्यक्ष मोहित पैकरा, रविदास समाज सरगुजा संभाग के संस्थापक सदस्य अशोक कुर्रे का जन्मोत्सव कार्यक्रम एकसाथ मनाया गया। इस अवसर पर चंद्रिका पैकरा, अशोक पैकरा, रविन्द्र सिंह पैकरा, विश्वास भगत, दीवान पैकरा, सुशील पैकरा, ललीत पैकरा, सन्नी पैकरा, संजय पैकरा, प्रीत कुमार पैकरा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, बसंत राय, पंकज गुप्ता, श्रीमती वंदना राजवाडे, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्रीमती सुषमा कोराम, संजय चिकनजूरी, अनिल खटिक, श्रीमती दीपा विश्वकर्मा, राम लखन यादव, गणेश यादव, संतोष साहू, तीरथ राजवाड़े, सत्येन्द्र राजवाड़े, कृष्णा पैकरा, संदीप यादव, नंदू प्रजापति, विष्णु यादव, संतोष यादव, रोशन राजवाडे समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मूर्तिकार मूर्तियों को दे रहे अंतिम रूप



**अनूपपुर।** नवरात्र शुरू होने में सप्ताहभर का समय बचा हैं। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भव्य रूप देने में जुटे हैं। कोतमा नगर में मूर्तिकार पिछले 20 वर्षों से मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं। दुर्गा प्रतिमा की स्थापना के लिए समितियों की ओर से मूर्तियों की बुकिंग भी प्रारंभ हो गई है। 22 सितंबर से शुरू होने वाले नवरात्र पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भव्य रूप देने के लिए मूर्तिकार दिन-रात काम में जुटे हुए हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि वह स्वयं मूर्ति बना रहे हैं। समय से लोगों को मूर्तियां देने के लिए काम जोरों पर किया जा रहा है। नगर में शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां जोरों पर है। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। दुर्गा पूजा समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। दुर्गा प्रतिमा तैयार करने में मूर्तिकार और पूजा पंडाल को आकर्षक बनाने में समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

### दिशा समिति की बैठक से पहले विभागवार की समीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने दिशा समिति की बैठक के पूर्व विभिन्न विभागों की योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मिड-डे मील, स्वास्थ्य सेवाएं, महिला एवं बाल विकास, कृषि, नल-जल योजना, पेंशन, जनजातीय विकास,




फसल बीमा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों आदि की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया कि कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा कुपोषित बच्चों को समय पर भरपेट पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर बल दिया। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### केल्हारी महाविद्यालय में योग कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** छग रजत महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को नवीन महाविद्यालय केल्हारी में विशेष योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन अनुशासित होता है। छात्रों को समझाया गया कि प्रातःकाल नित्यकर्म के उपरांत प्रतिदिन योग और प्राणायाम करने से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, तनाव कम होता है और स्वास्थ्य दीर्घकाल तक अच्छा रहता है। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने योगासन किए और प्राणायाम का अभ्यास किया।

### कॉलेज में इंटेसिफाइड आईईसी कैंपेन



**मनेन्द्रगढ़।** डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला एमसीबी एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में इंटेसिफाइड आईईसी कैंपेन का आयोजन किया गया। इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम में आईसीटीसी प्रभारी सुश्री निशा सिंह ने छात्राओं को एड्स (एचआईवी/एड्स) से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, रक्त आधान तथा संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु तक प्रसारित हो सकता है। उन्होंने इस बीमारी से बचाव के लिए सुरक्षित जीवनशैली अपनाने, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया।

# नवीन कन्या महाविद्यालय में एलुमनी मीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर




छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती अवसर पर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 14 सितंबर को प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप केसंरक्षण में भव्य एल्युमनी मीट कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। तत्पश्चात भूतपूर्व छात्राओं का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पूर्व छात्राओं के उज्जवल भविष्य एवं अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठापूर्वक कार्य संपादन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने कॉलेज के विकास में पूर्व छात्राओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उपाध्यक्ष कुमारी कौसर बानो, सचिव कुमारी साक्षी टोप्पो, सह सचिव कुमारी अदिति गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष कुमारी सुदर्शना ने भी अपने अनुभव साझा कर अन्य छात्राओं को विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद लगभग 50 से अधिक पूर्व छात्राओं ने भी मंच से अपनी स्मृतियां और अनुभव साझा किए। एल्युमनी मीट में छात्राओं लल्ली एवं चंदा ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक बिक्की राम ने किया, जबकि हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती कनकलता पैकरा ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण भारत सिंह, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, तेजीलाल कुजूर, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा सहित अन्य शिक्षकों एवं अतिथियों का विशेष सहयोग रहा।

# जर्मन शिक्षिका ने सीखीं योग की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

जर्मन देश में योग एवं प्राणायाम के विस्तार के लिए योग समिति के सदस्यों से प्रशिक्षण एवं जानकारी लेने जर्मनी देश की मूल निवासी कोरा वुटेम्बरगर ने एमसीबी जिले के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय से मुलाकात की।

पूरे योग समिति की ओर से योग प्रशिक्षक उपाध्याय ने कोरा वुटेम्बरगर का स्वागत किया। योग को ऋषि मुनियों की साधना एवं स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए कोरा वुटेम्बरगर ने गैसलशाफ्ट फर कोन्सुम फोर्ट चुंग द्वारा सर्वे के हवाले से बताया कि जर्मनी में लगभग 35 लाख लोग नियमित रूप से योग करते हैं। जर्मन के प्रमुख शहर बर्लिन में लगभग 400 योग स्टूडियों है,इसी प्रकार म्यूनिख में 200 योग स्टूडियो हैं। योग में डिप्लोमा होल्डर जर्मन देश निवासी कोरा ने, अनुवादक



श्रीमती कल्पना सिंह राजपूत के माध्यम से जानकारी दी कि जर्मनी में पहला योग विद्यालय 1921 में बोरिस सचारोव रोव ने स्थापित किया था। वहां के स्कूलों में शिवानंद योग, अयंगर योग और अन्य ब्रांड योग सिखाए जाते हैं। जर्मनी में योग की स्थापना के संदर्भ में उन्होंन 1920 में जैकब विलहेम हाऊर के योग के संबंध में किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भारत में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है इस प्रकार जर्मनी सहित विभिन्न जर्मनी के प्रमुख शहरों में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जाता है। जर्मन लैंग्वेज एंड फाइन आर्ट की विदेशी शिक्षिका कोरा वुटेम्बरगर ने कहा कि योग का वैश्विक बाजार निरंतर बढ़ रहा है। विश्व के ब्राजील अर्जेंटीना, रूस, चीन दक्षिण अफ्रीका मलेशिया, श्रीलंका इंडोनेशिया, सिंगापुर दक्षिण कोरिया सहित विभिन्न देशों में योग के प्रति निरंतर रूझान पढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि जर्मनी में योग सबसे मनोरंजक खेल के रूप में प्रतिस्थापित है। जर्मनी में स्पोट्र्स क्लब, फिटनेस स्टूडियो,योगा सांरइं विनिंग के माध्यम से योग का निरंतर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने किया।

